तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4

मां चंद्रहासिनी की नगरी में नवरात्रि का आगाज, जले आस्था के दीप



खबर संक्षेप

आज कोसीर में जुटेंगे ग्रामीण

सारंगढ़। जिले में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और जल स्त्रोतों की सुरक्षा में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे कोसीर जलाशय बंधवा तालाब में जल जन सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के मार्गदर्शन में जल संसाधन संभाग सारंगढ़ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को पानी के महत्वए उसके सदुपयोग और जल परिसंपत्तियों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा 25 वर्ष सेवा से संकल्प तक के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान की कड़ी में यह आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से तालाबोंए जलाशयों एवं अन्य परंपरागत जल स्त्रोतों के रखरखाव और संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही लोगों को जल के अपव्यय को रोकने तथा उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जल कृषिए पर्यावरण और ग्रामीण आजीविका का प्रमुख आधार है।

सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

रायगढ़। दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों और आयोजकों को पंडालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आयोजन के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने प्रत्येक पूजा पंडाल में आयोजन के दौरान किसी जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर रात्रि के समय भी पंडाल में जिम्मेदार व्यक्ति की मौजूदगी बनाए रखने तथा व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखने पर जोर दिया, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल आवश्यक कदम उठाए जा सकें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने रात 10 बजे के बाद डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंडालों में नशापान से दूर रहने और आयोजन के दौरान अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। प्रतिमा विसर्जन के दौरान भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयोजन समितियों को प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर विसर्जन की व्यवस्था करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए कहा गया।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

रायगढ़। जिले में विद्यार्थियों के माध्यम से जनजागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सेजेस कुंजेमुरा, पीएमश्री सेजेस कोड़ातराई एवं अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। सेजेस कुंजेमुरा के विद्यार्थियों ने कुंजेमुरा बस्ती के हनुमान चौक में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों ने प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से सेवा और जनकल्याण से जुड़े विषयों को सामने रखा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना की। वहीं, अभिनव के छात्रों ने ग्राम गुडू में 'स्वच्छता ही सेवा है' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। विद्यार्थियों ने नाटक और देशभक्ति नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का महत्व बताया।

सरगुजा की तर्ज पर मवेशी हांकते पहुंच सकते हैं कलेक्टोरेट

आवारा मवेशियों के आतंक से फसलें तबाह, पटेलपाली के किसानों ने दिया कलेक्टोरेट में बांधने का अल्टीमेटम

फसल बचाने के चक्कर में बढ़ा आर्थिक बोझ, 30 से 80 हजार तक का अतिरिक्त खर्च करने को किसान मजबूर





दिन-रात रखवाली की मजबूरी

किसानो ने बताया कि वे दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। मवेशियों को खेत से भगाओ, तो वे आधे घंटे बाद फिर लौट आते हैं। फसल तो बर्बाद हो ही रही है, ऊपर से कर्ज लेकर लोहे की जालियां लगानी पड़ रही हैं। समस्या केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं है। मवेशियों को दूर रखने के लिए किसानों को दिन-रात अपने खेतों में मुस्तैद रहकर रखवाली करनी पड़ रही है। इस मानसिक और शारीरिक परेशानी से तंग आकर किसानों ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय जनदर्शन में पहुंचकर जिला प्रशासन को अपनी समस्याओं से लिखित में अवगत कराया था।

किसानों ने सौंपा ज्ञापन

किसानों ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने कलेक्टोरेट पहुंच कर की जिला प्रशासन से शहर से लाकर मंडी के पास मवेशी छोड़ना तुरंत बंद कराने, इलाके में घूम रहे सभी आवारा मवेशियों को तत्काल गौ धाम या शासकीय गौठान में शिफ्ट करने की मांग की है। किसानो ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही कुछ लोग मवेशियों को गांव में छोड़ कर जा रहे थे , जिन्हें पकड़ा भी गया था। किंतु वे भाग निकलने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि पटेलपाली के ग्रामीणों की बातें गंभीरता से नहीं ली गई तो सरगुजा की तर्ज पर वहां के किसान मवेशी लेकर कलेक्टोरेट पहुंच सकते हैं। यह हम नहीं बल्कि पटेलपाली के किसानों ने सीधे प्रशासन को चुनौती देते हुए अल्टीमेटम दे दिया है।

दरअसल ग्राम पंचायत पटेल पाली में पिछले कुछ महीनों से आवारा मवेशियों के बढ़ते आतंक ने किसानों की नींद हराम कर दी है। खेतों में लहलहाती और पककर तैयार हो रही फसलों को मवेशी लगातार चट कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या से उब चुके आक्रोशित किसानों ने जिला प्रशासन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द ही मवेशियों को गौधाम शिफ्ट नहीं किया गया, तो वे सभी मवेशियों को हांकते हुए कलेक्टोरेट पहुंचेंगे और कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पर बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्राम पंचायत पटेलपाली निवासी डमरूधर पटेल, राघव चरण पटेल, देवनारायण पटेल, उत्तम गुप्ता, नीलमणि नायक व मिथिलेश्वर वैष्णव सहित अन्य किसानों ने हरिभूमि को अपनी समस्या सुनाते हुए निगम की कार्य प्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताया है। किसानों का आरोप है कि गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में आवारा मवेशियों की संख्या काफी ज्यादा हो गई है। नगर निगम की टीम शहर के भीतर से तो मवेशियों को पकड़ती है, लेकिन उन्हें दूर किसी सुरक्षित स्थान या गौठान में भेजने के बजाय पटेल पाली स्थित मंडी के पास लाकर छोड़ देती है। मंडी के पास छोड़े गए ये मवेशी मंडी के पिछले हिस्से से होते हुए सीधे गांव की ओर रुख करते हैं और खेतों में दाखिल होकर तैयार हो रही फसलों को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। आवारा मवेशियों के इस लगातार हमले से अपनी गाढ़ी कमाई की फसल को बचाने के लिए गरीब और मध्यमवर्गीय किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को मजबूरी में अपने-अपने खेतों के चारों ओर बाड़े और लोहे की मजबूत जालियां (फैंसिंग) लगानी पड़ रही हैं। किसानों ने बताया कि केवल खेत को बाउंड्री या जालियों से घेरने में ही प्रति किसान 30 हजार रुपये से लेकर 80 हजार तक का भारी-भरकम अतिरिक्त खर्च आ रहा है। एक तरफ जहाँ मवेशियों के चरने से पैदावार प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी तरफ जाली और घेरा लगाने में उनका बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। इसके अलावा आवारा मवेशियों की वजह से आए दिन मोटर साइकिल सवार व कार सवार दुर्घटनाओ के शिकार हो रहे हैं।

प्रशासनिक बेरुखी पर उग्र आंदोलन की तैयारी

जनदर्शन में शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से पटेल पाली के किसानों में गहरा असंतोष है। किसानों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन ने समय रहते इस दिशा में कोई कड़ा कदम नहीं उठाया, तो किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे। किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे सभी आवारा मवेशियों को एकत्र कर कलेक्टोरेट घेरेंगे और मवेशियों को परिसर के मुख्य द्वार पर बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे।



स्कूटी सवार को घेरकर पीटा, ब्लेड से हमला, नकदी सोने की चेन लूटी

रायगढ़। पखवाड़ भर पहले केलो विहार कॉलोनी में हुई चेन स्नेचिंग घटना की लौ बुझी भी नहीं है कि एक और लूट की वारदात से शहर में हाहाकार मच गया है। ऐसे वारदातों से लोग अब असुरक्षा महसूस करने लगे हैं। बीती रात भी शहर में लूट और मारपीट की घटना सामने आई है। दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे स्कूटी सवार युवक को तीन लोगों ने रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने युवक से रुपए मांगे और विरोध करने पर हॉकी स्टिक व हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान ब्लेड से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। आरोपियों ने युवक की जेब से 5 हजार रुपए और गले से सोने की चेन लूट ली। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में रेलवे बंगलापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास की है। कोतरा रोड के जय हिंद गली निवासी संजय दास ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 12:30 बजे वह अपने दोस्त मोहम्मद छोटू को स्कूटी से रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान मंदिर के पास मोड़ पर सागर यादव, शैलेश साहू और भोला ने उनका रास्ता रोक लिया। पीड़ित के मुताबिक, तीनों उससे पैसे मांगने लगे। रुपए नहीं होने की बात कहने पर सागर यादव उसकी जेब से पैसे निकालने लगा। संजय ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान भोला ने ब्लेड से संजय के बाएं हाथ पर हमला कर दिया। आरोप है कि सागर ने उसकी जेब से 5 हजार रुपए निकाल लिए, जबकि शैलेश ने गले से सोने की चेन लूट ली।

बुजुर्ग दंपति ने एसएसपी से मांगा संरक्षण, पुलिस ने बेटे को बुलाया थाना

रायगढ़। उम्र के आखिरी पड़ाव में जिन माता-पिता को अपने बच्चों के सहारे की जरूरत होती है, उन्हीं की उपेक्षा का एक मामला रायगढ़ में सामने आया है। 88 वर्षीय सेवानिवृत्त लैब असिस्टेंट बैजनाथ पटनायक और उनकी पत्नी साहेबानी पटनायक ने अपने बेटे पर देखभाल नहीं करने और घर-जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह से संरक्षण की गुहार लगाई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और बेटे को थाने बुलाकर कड़ी समझाइश दी।

बता दें कि बुजुर्ग दंपति ने 10 अक्टूबर को एसएसपी के समक्ष अपनी शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। छोटे बेटे की मृत्यु हो चुकी है, जबकि उनकी एक बेटी दिव्यांग है। वृद्धावस्था के कारण दंपति दैनिक कार्य स्वयं करने में असमर्थ हैं। उनका आरोप है कि उनका इकलौता जीवित पुत्र खीरसागर पटनायक उन्हें नियमित रूप से भोजन-पानी और बीमारी के दौरान उचित उपचार उपलब्ध नहीं कराता। साथ ही, घर-जमीन के बंटवारे की मांग को लेकर विवाद करते हुए उन्हें घर से निकल जाने के लिए कहता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने चक्रधरनगर थाना प्रभारी को तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने बेटे को थाने बुलाया, जहां बुजुर्ग दंपति भी मौजूद थे। इसी दौरान साहेबानी पटनायक की तबीयत बिगड़ गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। मामले में उप निरीक्षक गेंदलाल साहू और एएसआई आशिक रात्रे ने बेटे को कड़ी समझाइश दी। पुलिस ने उसे माता-पिता के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों के साथ कानूनी दायित्वों की भी जानकारी दी।



एसडीएम को भेजा प्रतिवेदन

रायगढ़ पुलिस ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम रायगढ़ को प्रतिवेदन भेजा है। अब संबंधित प्राधिकारी दोनों पक्षों को सुनने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।

जिले के महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में अक्टूबर माह में चलाए जा रहे विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत युवाओं और छूटे हुए पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान का महत्व, मतदाता के अधिकार और पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जानकी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विद्यार्थियों को ईसीआईनेट मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग तथा मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। सेंट टेरेसा कॉलेज,निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

पत्नी की मौत, भागने की कोशिश कर रहा पति गिरफ्तार

- पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम सूपा की घटना, जांच में जुटी पुलिस

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूपा में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के दौरान एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हलचल मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान पति पर पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के मुताबिक, ग्राम सूपा के सतनामी मोहल्ले में रहने वाले अमृत लाल महंत और उसकी पत्नी रूपकुंवर महंत के बीच शनिवार की देर शाम को किसी बात को लेकर को लेकर जमकर विवाद हुआ। इसी विवाद के दौरान पति ने पत्नी के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि जब उनके बेटे घर पहुंचे तो घर का मजंर देख वे अपनी मां को खून से लथपथ हालत में नजदीकी शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन प्राथमिक जांच में ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला की मौत हो गई। हालांकि, विवाद की वास्तविक वजह क्या थी और महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। पुलिस के अनुसार जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद आरोपी पति के मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था। किंतु इसी दौरान डायल 112 में तैनात आरक्षकों ने घेराबंदी की और आरोपी पत्नीहंता को पकड़ लिया। इसके बाद उसे थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आरक्षकों की इस कार्रवाई से आरोपी को मौके से फरार नहीं हो सका और पकड़ा गया। पुलिस जांच के बाद ही घटना की पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।



सूपा के सतनामी मोहल्ला निवासी पति पत्नी में विवाद के बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मामले की जांच की रही है।
हर्षवर्धन सिंह बैस, टीआई पुसौर थाना

स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के मर्चुरी कक्ष में रखा शव

महिला की मौत के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के मर्चुरी कक्ष में रखवाया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम के जरिए महिला की मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही घटना के समय की परिस्थितियों और पति-पत्नी के बीच हुए विवाद से जुड़े तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

खून से सना फावड़ा जब्त

मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस को घर में एक फावडा मिला, जिस पर खून के निशान थे। वहीं घर में भी खून बिखरा पड़ा हुआ है। यह घटना शनिवार की देर शाम करीब साढ़े 7 बजे की बताई जा रही है। मौके पर फॉरेंसिक की टीम भी पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए।

छोटे गुमड़ा में घायल जंगली सूअर की मौत तीर से शिकार की आशंका

रायगढ़। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के छोटे गुमड़ा गांव में रविवार सुबह एक घायल जंगली सुअर की मौत से वन विभाग में हलचल मच गई। सुबह करीब 6 बजे जंगली सुअर लहूलुहान हालत में गांव के पास पहुंचा, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उसके कान के नीचे गहरा घाव मिलने से तीर मारकर शिकार किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, वन्यजीव की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है।



इस संबंध में जानकारी के अनुसार, छोटे गुमड़ा गांव में सुबह ग्रामीणों ने जंगली सुअर को घायल अवस्था में देखा। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर वन विभाग को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और घायल वन्यजीव की जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृत जंगली सुअर का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और चोट की प्रकृति का पता चल सकेगा। यदि जांच में शिकार किए जाने के संकेत मिलते हैं, तो घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा सकती है।

अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शुरू हुई पूजा

पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़, बूढ़ी माई मंदिर में जले 2 हजार दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शारदीय नवरात्र के पहले दिन शहर के देवी मंदिरों में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। प्रमुख मंदिरों में घट स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई। भजन-कीर्तन और विशेष पूजा के बीच पूरा माहौल भक्तिरस में डूबा रहा।

शहर के बूढ़ी माई मंदिर में नवरात्र के पहले दिन विशेष आयोजन किया गया। यहां अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधान से घट स्थापना की गई और 2 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। नवरात्र को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्र की तैयारियां करीब एक सप्ताह पहले से की जा रही थीं। मंदिर परिसर की सजावट के साथ दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। बूढ़ी माई मंदिर में अष्टमी की सुबह नौ कन्याओं को भोज कराया जाएगा। वहीं, अष्टमी की रात निशा पूजा का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। तराईमाल स्थित मां बंजारी मंदिर में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नवरात्र की शुरुआत की गई। वहीं, ठाकुर देव दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नवरात्र के पहले दिन शहर और आसपास के देवी मंदिरों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं।





अष्टमी व नवमी दोनों एक साथ

इस बार अष्टमी और नवमी दोनों एक साथ 19 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जबकि दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना (घटस्थापना) की जाती है। धार्मिक मान्यताओं अनुसार इस पवित्र कलश में सभी देवी-देवताओं, पवित्र नदियों और सकारात्मक शक्तियों का वास माना जाता है। यह महत्वपूर्ण अनुष्ठान इस नौ दिवसीय उत्सव के आरम्भ का प्रतीक भी होता है। नौ दिनों तक माता रानी समेत इस पवित्र कलश की पूजा की जाती है। फिर नवरात्रि के समापन के बाद इस कलश को विधिवत विसर्जित कर दिया जाता है।

यह होता है अभिजीत मुहूर्त

हिंदू पंचांग में अभिजीत मुहूर्त को शुभ समय माना जाता है. यह दिन के मध्य में आने वाली एक विशेष अवधि होती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस समय किए गए पूजा-पाठ और शुभ कार्यों को सकारात्मक माना जाता है. इसी वजह से कई लोग किसी कारण से सुबह का शुभ मुहूर्त छूट जाने पर अभिजीत मुहूर्त में पूजा करने का विकल्प चुनते हैं।

खबर संक्षेप

भव्य पंडालों में जगह-जगह विराजीं मां जगत जननी



खरसिया। इन दिनों नवरात्र के चलते नगर का माहौल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो रहा। इस साल भी नगर में आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। पूरे नगर को जगमग लाइटों से सजाया गया है। पोस्ट ऑफिस के बगल में इस बार स्वर्ग नरक की थीम पर भव्य पंडाल बनाया गया है जो बहुत ही आकर्षक लग रहा है। रेलवे स्टेशन में भव्य शंकर भगवान का स्टेच्यूए डमरू और प्रसिद्ध कारीगरों द्वारा हांथ में बांधने का कलावा से विशेष साज सज्जा की गई है और यहां के पंडाल को बेहतरीन लाइटो से सजाया गया है। वही हमालपारा की दुर्गा पांडाल की भव्य झाकियां लोगों का मन मोह रही। स्टेशन रोड की प्रतिमा में साक्षात जगत जननी का रूप देखने को मिल रहा। नगर में जगह जगह दुर्गा पंडालों में माता रानी की आलौकिक छवि देखने को मिल रही है, नवरात्र के चलते इन दिनों देवी मंदिरों में खासी भीड़ जमा हो रही है देवी मां का दर्शन करने के लिए लोगों का ताता लगा हुआ है। दुर्गा पंडालों में मां के दरवार को बहुत ही मनोरम आकर्षक रूप से सजाया गया है। नवरात्रि में मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व होता है। नगर में शारदीय नवरात्र पर दर्जनों स्थानों पर देवी प्रतिमाएं विराजमान है। जो नित्य प्रतिदिन आकर्षक झांकियों के साथ मां की निराली छवि देखने को मिल रही है। जिसको देखते हुए दुर्गा पंडालों में मां के दर्शनों के लिए खासी भीड़ जमा हो रही है। स्टेशन रोडए गंज बाजार, गंज पीछे, महुवापाली रोड, डभरा रोड, छपरिगंज, चंदन ताल, गुरूद्वारा के पास, कन्या भवन, हमालपारा, रायगढ़ चौक, अर्चना टाकीज, काली मंदिर रोड, पुरानी बस्ती सहित दर्जनों स्थानों के दुर्गा पंडालों में आसपास क्षेत्र से हजारों की भीड़ खरसिया आ रही।

संस्कारवान बचपन ही सशक्त समाज की नींव : कमल



खरसिया। खरसिया में श्री अगसेन महाराजा की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी तारतम्य में आज नन्हे कदम सनातन की ओर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें अग्र समाज के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा सनातन धर्म से संबंधित मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को गौरवपूर्ण, खुशी देते हुए उनके नेत्रों को सजल कर भाव विभोर कर दिया। अग्र समाज के उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों, माताओं बहनों ने प्रस्तुति देने वाले बच्चों की प्रशंसा की और उन बच्चों के माता पिता को ऐसे संस्कार देने के लिए सराहना की। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत कन्या भवन, खरसिया में आयोजित नन्हे कदम सनातन की ओर कार्यक्रम में शामिल होकर भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों की सुंदर झलक देखने का सुअवसर मिला। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति से मैं अभिभूत और भाव विभोर हूं और उनके माता पिता को ऐसे संस्कार देने के लिए कोटि कोटि नमन करते हुए समाज के प्रबुद्धजनोंए गणमान्य नागरिकों को ऐसे आयोजन करने के लिए प्रणाम करता हूं। हमारा उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी आधुनिक शिक्षा के साथ.साथ अपनी सनातन संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से भी जुड़ी रहे, क्योंकि संस्कारवान बचपन ही सशक्त समाज और उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

चारमार में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन



घरघोड़ा। घरघोड़ा टीआई कुमार गौरव साहू के मुख्य आतिथ्य एवं टीआरएन एनर्जी भेंगारी के सुरक्षा एवं प्रशासन प्रमुख वायुनंदन पांडेय की उपस्थिति में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गाँव में शराब बंदी से लेकर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए जागरूक एवं एक जुटता का परिचय दे रही महिलाओं एवं उनका साथ दे रहे लोगों को संबोधित करते हुए वायुनंदन पांडेय ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कामों को गाँव की महिलाओं के द्वारा बीड़ा उठाना अपने आप में एक मिसाल है आपके इस कार्य में हमारे उद्योग के द्वारा जो हर संभव सहयोग की आवश्यकता होगी हम सहयोग करेंगे आगे शाम के समय अगर ऐसा कोई आयोजन होगा तो आप लोगों को भोजन बनाने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी आप इत्मीनान से कार्यक्रम में भाग लेंगी आप और आपके परिवार का भोजन टी आर एन एनर्जी कराएगा। आपके माँग अनुसार हमारे उद्योग के द्वारा आपके गांव में ही सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर का ट्रेनिंग कराया जायेगा। आपको आगे बढ़ाने के हर कदम में हम साथ देंगे। थानेदार कुमार गौरव साहू ने उपस्थित जनों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि गाँव में आज के बाद कोई भी शराब बनाता है या बेचता है तो मैं स्वयं आपके साथ मिलकर रेड मारेंगे आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है।

सत्यनारायण मंदिर में पूजा के बाद विराजमान हुईं दुर्गा

कलश यात्रा के साथ नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



नगर के हृदय स्थल बाजारपारा में शारदीय नवरात्रि का आगाज बड़े ही भव्य और भक्तिमय माहौल में हुआ। बाजारपारा दुर्गा चौक पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत सुबह विशाल कलश यात्रा के साथ हुई।

सुबह 8 बजे से ही दुर्गा चौक में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सिर पर लाल चुनरी, माथे पर बिंदी और सिर पर कलश लिए सैकड़ों सुहागिन महिलाओं, कन्याओं और युवतियों की कतार देखते ही बन रही थी। बाजारपारा दुर्गा चौक से शुरू हुई यह भव्य कलश यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए पत्थलगांव के सुप्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते डीजे पर भक्ति गीत, ढोल-नगाड़े और ₹प्रेम से बोलो जय माता दी₹ के गगनभेदी जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। जगह-जगह नगरवासियों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सत्यनारायण मंदिर पहुंचने के बाद वहां नगर के पंडित रामभक्त शर्मा द्वारा विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार और शंख-ध्वनि के साथ कलशों की पूजा-अर्चना कराई गई। महाराज जी ने सभी कलशों में पवित्र जल, आम के पत्ते और नारियल रखकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की।पूजा-अर्चना के पश्चात सभी श्रद्धालु पुनः पवित्र जल से भरे कलशों को सिर पर धारण कर वापस बजारपारा माँ दुर्गा चौक लौटे।विराजमान हुईं 'दुर्गा चौक की महारानी' चौक पर लौटने के बाद महाराज जी के सानिध्य में ही दुर्गा की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

फूलों, बिजली की झालरों और आकर्षक सजावट से सजे दरबार में जैसे ही माता की प्रतिमा विराजमान हुई, पूरा पंडाल मां अम्बे के जयकारों से गूंज उठा। इस कलश यात्रा में समिति के कालू मधुबन, मुकेश अग्रवाल ,प्रदीप ठाकुर, दिनेश अग्रवाल, सुनील गुप्ता, बंटी, देवेश, दीपक,नीरज, अजय पार्षद, अंकित बंसल, सतीश, संतोष भाचा, दीनू लंगड़ा ,अक्षत अग्रवाल ,संजय बंगाली ,मनमोहन दादी, नवीन अग्रवाल ,टोनी, रिंकू ,आर्यन ,पिंटू ,कपिल, विक्की ,टिंकू सामंत ,नमन, विकास सहित सभी भक्त मौजूद रहे।

नारायणपुर में निकली भव्य कलश यात्रा



जशपुरनगर। जिले के नारायणपुर में शारदीय नवरात्र पर रविवार को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नारायणपुर के सौजन्य से मां दुर्गा की आराधना के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी 201 महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा ने गांव में नवरात्र पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक छटा बिखेर दी।

- कपरी नदी से जल लाकर विधि-विधान से हुई कलश स्थापना

शारदीय नवरात्र में कलश यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। यह मां दुर्गा के स्वागत, शक्ति की उपासना और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। कलश को पवित्रता, शुभता और जीवनदायिनी ऊर्जा का प्रतीक मानकर उसकी स्थापना की जाती है। नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाली देवी आराधना का विधिवत शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा की शुरुआत नारायणपुर स्थित दुर्गा पंडाल से हुई। सिर पर कलश धारण कर निकलीं महिलाओं और युवतियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल हुए। गांव की परिक्रमा करते हुए यात्रा कपरी नदी के तट पर पहुंची। यहां आचार्य सुमित दास और संजू नन्दे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए कलश लेकर दुर्गा पूजा स्थल की ओर रवाना हुए। पूरे रास्ते भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा के दौरान नारायणपुर पुलिस की सक्रियता देखने को मिली। यात्रा की शुरुआत से लेकर समापन तक पुलिस जवान श्रद्धालुओं के साथ मौजूद रहे और पूरे मार्ग पर व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे।

दशहरा उत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क



जशपुरनगर। जशपुर में दशहरा उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने अधिकारियों को उत्सव के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था और यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री व्यास ने दशहरा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पूजा स्थलों की साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

- रणजीता स्टेडियम में बैरिकेडिंग, अग्निशमन और मेडिकल की रहेगी व्यवस्था

उन्होंने बेलवरन जुरगुम, मां काली मंदिर, श्री बालाजी मंदिर सहित अन्य पूजा स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्त्र-शस्त्र और पूजन स्थलों की सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। रथ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, रास्ते में आने वाली पेड़ों की झुकी डालियों की छंटाई तथा रथ की तकनीकी जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। वहीं विद्युत विभाग को पूजा स्थलों और कार्यक्रम मार्गों से गुजरने वाली बिजली लाइनों की जांच करने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुरक्षित बनाए रखने को कहा गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, विभिन्न विभागों के अधिकारी, दशहरा उत्सव समिति जशपुर से कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, परमानन्द मिश्रा, नरेश नन्दे, मनोज रमाकांत मिश्र सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अभिनव के नन्हें कलाकारों के नुक्कड़ नाटक रुलाया



पुसौर। पुसौर अंचल के ग्राम गुडू का नजारा देखने लायक था। अभिनव विद्या मंदिर, पुसौर के बच्चों ने सिर्फ नाटक नहीं किया, बल्कि पूरे गांव की सोच को झकझोर दिया। राधा कृष्ण मंदिर से गूंजा शंखनाद कार्यक्रम की शुरुआत कोई औपचारिकता नहींए बल्कि संस्कार से हुई। प्रातः ग्राम के आराध्य राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मंदिर की घंटियों के साथ जैसे ही स्वच्छता का संकल्प लिया गया, पूरा माहौल भक्तिमय और प्रेरणादायक हो गया। मंच पर दिग्गज, सामने पूरा गांव मंच पर अतिथियों की उपस्थिति रही। सरपंच पति समारू मेहर, गांव के गौंटिया वासुदेव प्रधान, समाजसेवी हरि साहू, विशुद्धानंद नंदे, मनोज गुप्ता, पंच सारथी गुप्ता, सुनील मेहर, झालेश्वर प्रधान, नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश कुमार साव, समिति कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, सक्रिय पार्षद फगूलाल प्रधान और विद्यालय के यशस्वी प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी का पुष्पगुच्छ और श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत के बाद अतिथियों ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अभिनव विद्या मंदिर सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं दे रहा, बल्कि बच्चों में संस्कार और राष्ट्रसेवा का बीज बो रहा है। नुक्कड़ नाटक ने आंखें नम कर दीं असली आकर्षण था बच्चों का नुक्कड़ नाटक स्वच्छता ही सेवा है। दृश्य 1 में एक बच्चा कचरा फेंकते हुए बीमार पड़ जाता है। दृश्य 2 में उसकी मां उसे अस्पताल ले जाती है। दृश्य 3 में पूरे गांव के बच्चे झाड़ू उठाकर गांव साफ करते हैं और नारा देते हैं हम सुधरेंगे, गांव सुधरेगा, गांव सुधरेगा, देश सुधरेगा। बच्चों के सजीव अभिनय, संवाद और करुणा ने वहां खड़ी बुजुर्ग महिलाओं की आंखें तक नम कर दीं। लोगों ने कहा . ये बच्चे नहीं, हमारे गुरु हैं। नाटक के तुरंत बाद छात्र छात्राओं ने ष्ये देश है वीर जवानों का गीत पर ऐसा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया कि पूरा गांव तालियों से गूंज उठा। गुडू ने ली ऐतिहासिक शपथ .कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी सत्यम भोय ने माइक संभाला और सैकड़ों हाथ एक साथ उठ गए।

बांग्लादेश, नेपाल जैसा अराजकता का मॉडल भारत में नहीं चलेगा: ओपी



रायगढ़। देश में हाल के दिनों में कानून व्यवस्था को चुनौती देने की कोशिशों और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ एंटी नेशनल फोर्सेस सोची समझी कॉन्स्पिरेसी के तहत देश में अराजकता फैलाना चाहती हैं, लेकिन भारत में उनका यह मॉडल कभी सफल नहीं होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा में कहा आप सारे घटनाक्रम को देखिए, इंटरनेशनल जो चीजें हो रही हैं उसको देखिए। जो सारी एंटी फोर्सेस हैं, वो किस तरह से कॉन्स्पिरेसी करके चीजों को देश में अराजकता फैलाना चाह रही हैं। इस तरह की चीजें जो बांग्लादेश में इन्होंने अराजकता फैलाकर कीं या नेपाल में अराजकता फैलाकर कीं है जो मॉडल यह चल रहा है डीप स्टेट का वो हमारे भारत देश में संभव नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत एक सशक्त लोकतांत्रिक देश है, जहां हर नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान है। विरोध और अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन इसके नाम पर कोई भी कानून व्यवस्था को हाथ में नहीं ले सकता। ओपी चौधरी ने कहा, भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां सबके लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान है लेकिन लॉ एंड ऑर्डर को कोई भी हाथ में नहीं ले सकता, यह भी जरूरी है। देश में अराजकता ना फैले इसके लिए पुलिस को अपनी व्यवस्थाएं प्रोफेशनल तरीके से करनी पड़ती हैं और वो कर रहे हैं।

सरपंच के नेतृत्व में टिनमिनी में सेवा ही संकल्प अभियान



पुसौर। ग्राम पंचायत टिनमिनी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनाए गए स्वास्थ्य सप्ताह ने पूरे ब्लॉक में मिसाल पेश की है। सरपंच श्रीमती कुंती गुप्ता भोय एवं पंचायत सदस्यों के अथक सहयोग और जनसेवा की भावना से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के पहले चरण में 6 अक्टूबर को विशेष निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें टिनमिनी सहित आस पास के गांवों से पधारे 325 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरण किया गया तथा चिन्हित 70 वृद्धजनों का त्रिलोचन नेत्रालय, संबलपुर में सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया। बुजुर्गों ने ऑपरेशन के बाद सरपंच को आशीर्वाद दिया। 8 अक्टूबर घर घर पहुंची स्वास्थ्य टीम, कुष्ठ रोग की सघन जांच इस स्वास्थ्य अभियान को आगे बढ़ाते हुए 8 अक्टूबर को जिला एवं विकासखंड की 32 सदस्यीय स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर जाकर कुष्ठ रोग की सघन जांच की गई, ताकि भविष्य में गांव को इस रोग से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। टीम ने लोगों को कुष्ठ के लक्षण और बचाव के बारे में जागरूक भी किया। 9 अक्टूबर आयुष का महाशिविर, 490 लोगों को मिला लाभ 9 अक्टूबर को आयुष विभाग से डॉ. अजय नायक एवं उनकी टीम द्वारा विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें 490 लोगों का इलाज कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। सरपंच कुंती गुप्ता को मिला बेस्ट ऑनर इस पूरे सेवा सप्ताह के समापन अवसर पर बतौर अतिथि पधारे जिला भाजपा उपाध्यक्ष विलिस गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहित सतपथी, अंशु साव, त्रिनाथ गुप्ता, विकास होता, आशीष देहरी, रजत गुप्ता सहित अन्य अतिथि गणों ने इस सेवा संकल्प साप्ताहिक अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सभी अतिथियों ने एक स्वर में कहा कि टिनमिनी की सरपंच श्रीमती कुंती गुप्ता ने सरपंच नहीं, एक बेटी और सेविका के रूप में काम किया है। उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सेवा भाव और ग्रामीणों के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें मंच से बेस्ट ऑनर सेवा संकल्प सम्मान से सम्मानित किया गया।

8 सालों से चंद्रपुर नवरात्रि में कलश यात्रियों की सेवा में जुटा है एकता मंच



चंद्रपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ चंद्रहासिनी मंदिर से निकली भव्य कलशयात्रा के दौरान एकता मंच चंद्रपुर द्वारा श्रद्धा एवं सेवाभाव के साथ कलशयात्रियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण करने वाली जगदम्बा स्वरूपा बालिकाओं एवं श्रद्धालुओं को शीतल जल और शरबत का वितरण कर सेवा कार्य किया गया। एकता मंच द्वारा यह सेवा कार्य विगत 8 वर्षों से निरंतर निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। क्वांर नवरात्रि एवं चैत्र नवरात्रि, दोनों पर्वों पर मंच के सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित रहते हैं। भीषण गर्मी एवं लंबी यात्रा के दौरान कलश यात्रियों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से किया जाने वाला यह सेवा कार्य आस्था, समर्पण और सामाजिक दायित्व का सुंदर उदाहरण है। माँ चंद्रहासिनी के प्रति श्रद्धा और जनसेवा की भावना से प्रेरित एकता मंच के युवा साथी प्रत्येक वर्ष इस सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। मंच का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सेवा, सहयोग एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर एकता मंच के अध्यक्ष दिनेश देवांगन, पार्षद दुर्गेश पिंटू, यादव, मनमोहन, एसके देवांगन, गोविन्द, उमाशंकर, संदेश, तुषार, रामगोपाल सहित एकता मंच के सभी युवा साथी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओं में महिलाओं, बच्चों ने लिया उत्साह के साथ हिस्सा

अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा, रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



महाराज अग्रसेन की जयंती के मौके पर शहर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस बार भी शोभायात्रा को भव्य स्वरूप में निकाला गया था। जिसमें महाराज अग्रसेन की भव्य झांकियों के साथ ही वरिष्ठजनों,बच्चों के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग इसमें शामिल हुए।

अग्र समाज के पुरोधा महाराजा अग्रसेन की जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस मौके पर यहां 1 सप्ताह तक विविध सामाजिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब एक सप्ताह तक विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें समाज के बच्चे, युवा, बुजुर्ग यहां तक कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विजेता प्रतिभागियों का निर्णायक मंडल द्वारा चयन किया गया। सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती के मौके पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शाम करीब 5 बजे शोभायात्रा अग्रसेन भवन से प्रारंभ हुई। आगे आगे युवाओं का हुजूम अग्रध्वज लेकर चल रहा था। शोभायात्रा के लिए भव्य झांकियां तैयार की गई थीं। विशाल झांकी में महाराज अग्रसेन का भव्य चित्र सजाया गया था जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जा रहा था। अग्रवाल समाज के वरिष्ठजनों को सुसज्जित वाहन में सवार कराया गया था जिसमें उन्हें बिठाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। सबसे अंत में महिलाओं का रैला था। अग्रवाल समाज के प्रत्येक घर से महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर इसमें शामिल हुईं थीं। महिलाओं ने भी अपने हाथों में अग्रपताका थाम रखी थी वहीं महिला,पुरूष एवं बच्चे सभी पारंपरिक परिधानों में सजे शोभायमान हो रहे थे।

जगह-जगह हुआ स्वागत

महाराज अग्रसेन स्वर्ण जयंती महोत्सव की शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। अंबिकापुर रोड पर अग्रवाल समाज के प्रमुख जनों के साथ ही बसस्टैंड के समीप तथा हरियाणा पंचायती धर्मशाला के समीप अलग अलग समाज के लोगों के द्वारा शोभायात्रा के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह महिलाओं ने महाराज अग्रसेन की आरती उतारी और अपनी कुलपुरूष से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति का वरदान मांगा। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया।

पोर्ते कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



घरघोड़ा। मतदाता विशेष अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत 17 आयु वर्ग छात्र छात्राओं को मतदाता सूची में अधिकाधिक संख्या में पंजीयन हेतु 10 अक्टूबर को विशेष कैंप का आयोजन डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में संस्था प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन एवं एस एल साहू रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित अजय वर्गीस बीएलओ घरघोड़ा एवं संतोष कुमार निषाद बीआरसी घरघोड़ा का स्वागत छात्र छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छा से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ वर्गीस द्वारा छात्रों को ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन के माध्यम से मतदाता फॉर्म 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किए एवं युवा छात्रों को राष्ट्र निर्माता कह कर संबोधित किए।सभी छात्र जो 17 हैं वे फॉर्म 6 भर कर अपने बीएलओ के पास पंजीयन हेतु जमा करें और शासन के इस महाअभियान में सात प्रतिशत सहयोग करें।



'द ओडिसी' ने भारत में रचा इतिहास, आईएमएएक्स से 100 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बनी

मुंबई। हॉलीवुड निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' ने भारत में इतिहास रच दिया है। सिर्फ आईएमएएक्स स्क्रीन्स के जरिए 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इससे पहले किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय फिल्म ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को भारत और दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसने 16 सितंबर को अपने 9वें हफ्ते में यह आंकड़ा पार किया, जिसका आधिकारिक ऐलान अब किया गया है। निर्माताओं द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, फिल्म की कुल भारतीय कमाई में आईएमएएक्स का योगदान लगभग 43 प्रतिशत रहा, जबकि देशभर में कुल स्क्रीनों में से सिर्फ 1 प्रतिशत से कुछ ज्यादा स्क्रीन आईएमएएक्स द्वारा प्रदर्शित की गई थीं। इस उपलब्धि के साथ, 'द ओडिसी' भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे कमाऊ आईएमएएक्स फिल्म बन चुकी है।

लाइफ Style

यामी गौतम

यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' दशहरा के मौके पर दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। फिल्म का ट्रेलर निर्माताओं द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसमें अभिनेत्री का अब तक का सबसे अलग किरदार दिखा।

'नई नवेली' के गाने में जमकर झूमीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब इसका नया गाना 'फटा पटाखा' यूट्यूब पर जारी किया गया है जो ऊर्जा से भरपूर एक धमाकेदार डांस पार्टी पर केंद्रित है। इसमें जॉम्बी के साथ यामी का डांस देखने लायक है। यह गाना सुनने वालों को झूमने पर मजबूर कर देगा। जॉम्बी पार्टी करती दिखीं यामी, दिखी अनोखी दुनिया जी म्यूजिक कंपनी द्वारा अमेजन, एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो के सहयोग से प्रस्तुत, 'फटा पटाखा' को मधुबंती बागची ने आवाज दी है।

संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है और बोल वायु ने लिखे हैं। गाने के वीडियो में जॉम्बी की एक अनोखी दुनिया दिखती है, जिसमें यामी डांस कर रही हैं। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित 'नई नवेली' एक मनोरंजक-पारिवारिक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी, रहस्य और रोमांच का तड़का लगाया गया है। यह 16 अक्टूबर, 2026 को रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



दुर्लभ जीवों को बचाने देंगे 1,700 करोड़

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो और अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने विलुप्त होने की कगार पर खड़े दुर्लभ जीवों को बचाने के लिए एक बड़ी वैश्विक पहल की है। डिकैप्रियो के संगठन 'री:वाइल्ड' और 'बेजोस अर्थ फंड' ने मिलकर 'फोनिक्स स्पीशीज प्रोजेक्ट' की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के तहत दुनिया की 100 अति-संकटग्रस्त प्रजातियों, जिनमें पैंगोलिन, सालामैंडर और दुर्लभ जंगली सूअर शामिल हैं, जिनके संरक्षण के लिए लगभग 1,700 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस पहल के लिए कुल 1,700 करोड़ रुपये का फंड तैयार किया गया है। इसमें से 850 करोड़ रुपये 'बेजोस अर्थ फंड' ने दिए हैं, जबकि बाकी 850 करोड़ रुपये डिकैप्रियो के 'री:वाइल्ड', 'एज ऑफ यूनियन' और 'टॉड ग्रेव्स फैमिली फाउंडेशन' से मिले हैं।



कीगन एलन के साथ हुई बंदूक की नोक पर लूटपाट

लॉस एंजिल्स। 'प्रीटी लिटिल लायर्स' और 'वॉकर' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हॉलीवुड अभिनेता कीगन एलन के साथ एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। बंदूक की नोक पर उनके साथ लूटपाट की गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। ये हादसा वेस्ट हॉलीवुड में हुआ, जहां 2 नकाबपोशों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। घटना के बाद अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया और दावा किया कि वेस्ट हॉलीवुड अब सुरक्षित नहीं है। ये घटना बुधवार को हुई, जब एलन एक किराने की दुकान के बाहर थे। हमलावरों ने पहले उनके सिर पर वार किया, उन्हें जान से मारने की धमकी दी और उनकी घड़ी चुरा ली। उन्होंने हमले क्लिप भी साझा किया। इसमें काले कपड़े पहने 2 लोग अभिनेता के पास आते और उन पर बंदूक तानते हुए दिख रहे हैं। एलन अपनी घड़ी उन्हें सौंपते हुए दिखाई देते हैं, जिसके बाद एक लुटेरा उनके सिर पर वार करता है। इस घटना से जुड़ा जो वीडियो एलन ने साझा किया, उसमें उनका सिर खून से लथपथ था। उन्होंने बताया, 2 नौजवानों ने बंदूक और चाकू की नोक पर मुझसे लूटपाट की। उन्होंने मेरी घड़ी के लिए मुझे जान से मारने की धमकी दी और मार भी डालते।



पैपराजी पर फूटा गुस्सा... अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। सालों से बॉलीवुड से दूरी बनाने वालीं बिपाशा बसु अब फिल्मों में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों मुंबई में अपनी नई वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, उनसे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने सवाल उठाए हैं कि बिपाशा वीडियो में पैपराजी पर भड़क गईं थीं, जिस पर अब अभिनेत्री ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सफाई दी है। वीडियो में बिपाशा एक फिल्म स्टूडियो के बाहर दिखाई दीं, जहां पैपराजी भी मौजूद थे। इस दौरान वह जल्दी में लगीं और कथित तौर पर पैपराजी पर भड़क गईं। अभिनेत्री ने कहा, चलिए यहां से, किसने बुलाया आपको? इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने साझा करते हुए बिपाशा पर उंगली उठाई कि वह पैपराजी को नजरअंदाज कर रही हैं और उन पर गुस्सा करती नजर आई हैं।



नानी ने किया निथिन की 'एलियास रुक्मिणी' का ऐलान

मुंबई। नानी अब एक नई तेलुगू फिल्म 'एलियास रुक्मिणी' के प्रस्तुतकर्ता बन गए हैं। यह फिल्म निथिन अभिनीत है और 4 दिसंबर, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह घोषणा अभी हुई है, साथ ही 13 अक्टूबर को फिल्म के मुख्य किरदार के बारे में और जानकारी देने का वादा किया गया है। नानी ने इस फिल्म को 'साल की सबसे खूबसूरत तेलुगू फिल्म' बताया है। मुरली कांत देवसोथ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और इसके निर्माता दीप्ती गांटा हैं। फिल्म की कहानी में एक दिलचस्प मोड़ है, जहां निथिन का किरदार खुलासा करता है कि रुक्मिणी, जिसका नाम एक लेखक के तौर पर सामने आता है, असल में उसकी पत्नी है। फिल्म की पहली शूटिंग शेड्यूल सितंबर में पूरी हो गई थी, जिसमें साई कुमार और हर्षा वर्धन जैसे कलाकार भी शामिल हुए थे।

टीवी मसाला



माधुरी दीक्षित के शो में आने वाले थे नाना पाटेकर, अब इस अभिनेत्री ने ली जगह

मुंबई। नाना पाटेकर सोनी मराठी के आगामी क्विज शो 'कोण होणार करोडपती' के पहले एपिसोड में आने वाले थे। शो की मेजबानी माधुरी दीक्षित कर रही हैं, जो दिग्गज अभिनेता के साथ फिल्म 'वजूद' (1998) में काम कर चुकी हैं। यह शो नाना और माधुरी के लंबे समय बाद पुनर्मिलन का प्रतीक बनने वाला था, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं हो सका। अभिनेता का 8 अक्टूबर को 75 साल की उम्र में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, निधन से पहले नाना 'कोण होणार करोडपती' की शूटिंग करने वाले थे। अब उनकी जगह अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे को बतौर मेहमान प्रीमियर एपिसोड में देखा जाएगा। शो 12 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसके साथ ही माधुरी व सोनाली पहली बार एक साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। दोनों का भारतीय सिनेमा में करियर काफी लंबा रहा है, लेकिन इसके बावजूद माधुरी और सोनाली ने कभी किसी फिल्म में साथ काम नहीं किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर नाना की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने लिखा था, 'एक महान कलाकार, एक सशक्त व्यक्तित्व और एक अविस्मरणीय आवाज... नाना पाटेकर के निधन से फिल्म जगत ने एक अनमोल और दिग्गज अभिनेता को खो दिया है। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। यह मेरी ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि है।'

'बिग बॉस 20' में आम्रपाली दुबे ने स्काउटओपी की लव गिल से करीबी पर उठाए सवाल

'बिग बॉस 20' के घर में उस वक्त थोड़ा अजीब माहौल बन गया, जब आम्रपाली दुबे ने प्रतियोगी स्काउटओपी (तन्मय सिंह) और लव गिल के बीच बढ़ती नजदीकियों पर ध्यान दिलाया। दरअसल, स्काउट ने लव को उनकी शर्ट के अंदर से मसाज दिया था। इसके बाद आम्रपाली ने लव से बातचीत की और समझाया कि बाहर से देखने वालों को उनके ये काम कैसे लग सकते हैं। आम्रपाली ने लव को बहुत नरमी से समझाया कि उन्हें थोड़ा सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे पल उनके उन पार्टनर्स पर असर डाल सकते हैं, जो बाहर इंतजार कर रहे हैं। भले ही स्काउट ने लव के साथ अपने रिश्ते को भाई-बहन जैसा बताया हो, पर उन्होंने ये भी माना है कि उन्हें पजेसिवनेस महसूस होती है। फैंस ने इस बात पर खास ध्यान दिया है, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड काश्वी हीरानंदानी शो के बाहर हैं।



'बिग बॉस' मलयालम 8 में विपिन दास की धमाकेदार एंट्री

मुंबई। एक बड़े एविक्शन के बाद, विपिन दास नैर ने 'बिग बॉस मलयालम 8' में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री की है, जिससे शो में हलचल मच गई है। वे अभिनय के क्षेत्र में कदम रख रहे हैं और साथ ही कंटेंट क्रिएटर व आर्टिस्ट के तौर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 2023 में 'द नेक्स्ट टॉप एंकर' शो में हिस्सा लिया था, जिसमें नायला उषा, साबूमोन, कार्तिक सूर्या और मीनाक्षी जैसे मशहूर लोग जज थे।



विपिन ने शो में भरी ऊर्जा

रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रखने और 'भरतनाट्यम' में एक छोटे से विवाद के बाद, विपिन 'बिग बॉस मलयालम' में अपनी अनोखी एनर्जी और कन्फेशन रूम के मजेदार पलों के साथ छा गए हैं। खास बात यह है कि मलयालम पढ़ने में उन्हें मुश्किल हो रही है, जिससे उनके 'बिग बॉस' के सफर को एक अनूठा मोड़ मिल गया है। इससे फैंस भी यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वह आगे इस खेल में क्या बदलाव ला सकते हैं।

स्वरा-प्रियंका का खेल बिगाड़ने आ रहे ऋषभ, जशवंत और सोनम मलिक

मुंबई। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल 2' में अब 3 नए वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों की एंट्री होने वाली है। इनमें अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर ऋषभ जायसवाल, रियलिटी शो स्टार जशवंत बोपन्ना और अभिनेत्री सोनम मलिक के नाम शामिल हैं। शो को पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग होस्ट कर रहे हैं। स्वरा भास्कर और प्रियंका चाहर चौधरी जैसे प्रतियोगियों के बीच इन नए सदस्यों की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।



शानदार प्रोमो से हुई वाइल्ड कार्ड्स की घोषणा

नए प्रतियोगी ऋषभ मशहूर टीवी एक्टर और कंटेंट क्रिएटर, जशवंत जानी-मानी रियलिटी टीवी पर्सनैलिटी और सोनम एक अभिनेत्री हैं। इसकी घोषणा अमेजॉन एमएक्स प्लेयर के अधिकारी सोशल मीडिया पेज पर की गई है। शानदार प्रोमो साझा करते हुए लिखा गया, 'एक नहीं, 2 नहीं, अब सीधा 3 नए प्लेयर। टावर का बैलेंस हिलने वाला है।' अब देखना ये होगा कि इन तीनों में कौन रूलर बनकर पेंटहाउस जाता है और कौन बेसमेंट का वर्कर बनता है।

शो में आने से पहले ही मिल गए थे संकेत

इस आधिकारिक घोषणा से पहले ही तीनों प्रतियोगियों ने सोशल मीडिया पर शो में आने के संकेत देने शुरू कर दिए थे। ऋषभ, सोनम और जशवंत ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चेहरे छिपाकर और हाथों में काले रंग के वाइल्ड कार्ड लेकर तस्वीरें साझा की थीं।ऋषभ इससे पहले स्प्लिट्सविला 14' और 'रोडीज सीजन 19' में नजर आ चुके हैं, वहीं जशवंत भी रोडीज का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने 'स्प्लिट्सविला 15' का खिताब अपने नाम किया था।

ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया

'रामायण' के गाने का लॉन्च इवेंट रद्द, टालना पड़ा नवरात्रि का बड़ा कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

रणबीर कपूर और साई पल्लवी की फिल्म 'रामायण पार्ट 1' जल्द ही दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। इसी बीच रविवार, 11 अक्टूबर को महाराष्ट्र के रामटेक में इस फिल्म के एक गाने का लॉन्च इवेंट आयोजित होने वाला था। हालांकि, नवरात्रि के पहले दिन होने वाले इस इवेंट को टाल दिया गया है। ये फैसला महाराष्ट्र में पड़े भीषण सूखे के बीच लिया गया है, जिससे किसानों को राहत पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।



रामायण की टीम भी किसानों की मदद से लिए तैयार

पोस्ट में आगे लिखा गया, 'इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामटेक की भूमि के महत्व को उजागर करना था, जिसे भगवान श्री रामचंद्र के चरणों के स्पर्श से पवित्र किया गया था।' उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात में किसानों की मदद करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जयसवाल ने आगे कहा कि फिल्म की टीम ने किसानों की मदद करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने उन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इस इवेंट का प्रचार किया था।

इंस्टाग्राम पर की गई थी इसकी घोषणा

स्थानीय विधायक आशीष जायसवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें रामायण की टीम के साथ होने वाले भव्य इंटरैक्शन प्रोग्राम को टालने की घोषणा की गई थी। हालांकि, अब ये वीडियो उपलब्ध नहीं है। पोस्ट के कैप्शन में जायसवाल ने लिखा, 'हम आप सभी को बताना चाहते हैं कि 11 अक्टूबर को रामटेक में होने वाला 'रामायण' की पूरी टीम के साथ एक बड़ा कार्यक्रम कुछ जरूरी वजहों से टाल दिया गया है।'

'रामायण' की टीम की तरफ से नहीं आई कोई जानकारी

इस इवेंट के टलने के बाद, अभी यह साफ नहीं है कि निर्माता इसे ऑनलाइन रिलीज करेंगे या किसी और लॉन्च इवेंट की योजना बनाएंगे। टीम ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

खबर संक्षेप

सौ रुपए की बचत से बदली अहिल्या की तकदीर

सारंगढ़। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलाईगढ़ अ निवासी श्रीमती अहिल्या निषाद के पति किर्तीलाल निषाद हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण पहले घरेलू जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयां आती थीं। इसी बीच 15 मार्च 2018 को वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के अंतर्गत लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और प्रतिमाह 100 रुपए की बचत शुरू की। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बैंक से एक लाख रुपए का ऋण लेकर गांव की मुख्य सड़क पर निषाद होटल के नाम से समोसा वड़ा और नाश्ते की दुकान शुरू की। मेहनत और लगन से उनका व्यवसाय आगे बढ़ा। वर्तमान में होटल से प्रतिदिन लगभग 500 से 800 रुपए की आमदनी हो रही है।

लोचन प्रसाद कालेज में युवा उड़ान कार्यक्रम

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय, सारंगढ़ में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्यए जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अग्रसेन भवन में पूजा अर्चना कर की आरती

चंद्रपुर। अग्रवाल समाज के आराध्य एवं समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन की जयंती के पावन अवसर पर चंद्रपुर स्थित अग्रसेन भवन में अग्र समाज के सदस्यों द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी अग्रजनों ने एकत्रित होकर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की तथा पूरे भक्तिभाव के साथ आरती कर समाज की सुख समृद्धि, एकता, खुशहाली और उन्नति की कामना की। पूजा अर्चना के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और उपस्थित सभी लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

निधन...

श्रीमती असमति साहू

बरमकेला। डॉ. योगेश्वरानंद साहू



की पूजनीय माताजी एवं डॉ. कन्हैया लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती असमति साहू का 83 वर्ष की आयु में 11 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवारजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं परिचितों में शोक व्याप्त हो गया। श्रीमती असमति साहू के निधन से साहू परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके जाने से परिवार में शोक का वातावरण है।

तालाब को मिलेगी नई पहचान, 4.90 करोड़ से होगा कायाकल्प

भुजबंधान तालाब में अब लोग कर सकते हैं सैर, बनेगा पिकनिक स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सालों से उपेक्षित शहर के वार्ड नंबर 2, 14 और वार्ड 16 की सीमाओं में स्थित भुज बंधान तालाब के दिन अब बहुरने वाले हैं। भुज बंधान तालाब को अब नई पहचान मिलने वाली है। इस तालाब का करीब पांच करोड़ से कायाकल्प करने की तैयारी हो रही हे। याने शहर के बीच लोगों को एक शानदार पार्क मिलेगा जिसमें लोग अपने परिवार के साथ तफरीह कर सकते हैं। यहां महिलाओं के लिए जहां सुरक्षित वाकिंग ट्रैक बनेगा वहीं बच्चों के लिए झूले समेत अन्य मनोरंजन के साधन मौजूद रहेगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 4 करोड़ 90 लाख की राशि स्वीकृत दे दी है। साफ सफाई के अभाव में यह तालाब लंबे समय से उपेक्षित रहा। चारों तरफ गंदगी, झाड़ियां और अंधेरा होने के कारण शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता था, जिससे आसपास की महिलाओं और परिवारों को आने जाने में भी डर लगता था। लेकिन अब इस स्वीकृति के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। यह सिर्फ एक तालाब नहीं, बल्कि शहर के बीचों बीच एक सुंदर और सुरक्षित पार्क के रूप में विकसित होगा, जहां सुबह शाम लोग सुकून के पल बिता सकेंगे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आम लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में बदलाव का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले ओपी के प्रयासों से इतवारी बाजार का कायाकल्प संभव हुआ। यह जगह ऑक्सीजोन के रूप में विकसित कर सिंदूर पार्क के रूप में लोकार्पित की जा चुकी है। सिंदूर पार्क शहरवासियों की पहली पसंद बन गया है। इसके अलावा पहाड़ मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य भी तेजी से जारी है। रायगढ़ वासियों के लिए बदलाव का संकल्प पूरा होते नजर आ रहा है।



तालाब को ऐसे संवारने की तैयारी

इस राशि से तालाब का साफ सफाई, मजबूत फेंसिंग, चारों ओर आकर्षक वॉकिंग ट्रैक, महिलाओं के लिए सुरक्षित वॉकिंग ट्रैक, बच्चों के लिए झूले और खेलने की जगह, बुजुर्गों के लिए बैठने की सुंदर सीटिंग व्यवस्था, आधुनिक लाइटिंग, शौचालय और सुंदर गार्डन विकसित किया जाएगा। समुचित लाइटिंग व्यवस्था होने से अंधेरे की समस्या खत्म होगी और असामाजिक तत्वों से भी राहत मिलेगी।

रामलीला मैदान का होगा कायाकल्प

शहर के हृदय स्थल में स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान के जीर्णोद्धार का रास्ता भी खुल गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से नगरीय प्रशासन विभाग ने रामलीला मैदान के विकास के लिए 5 करोड़ स्वीकृत की है, जिसके टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रामलीला मैदान केवल एक मैदान नहीं, रायगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा है। इस मैदान में तीन दशक से भी अधिक समय से चक्रधर समारोह का आयोजन हो रहा है। जो भी सरकार रही हो, इस मंच पर उनका आगमन सुनिश्चित रहा है। सदियों से यह मैदान रामलीला मंचन का गवाह रहा है। ना जाने कितनी पीढ़ियां यहां खेल कर जवान हुई हैं। राजनीति से जुड़े आयोजन हों या शासकीय कार्यक्रम, हर आयोजन के लिए रामलीला मैदान पहली पसंद रहा है, लेकिन खेल प्रेमी मैदान की दुर्दशा पर आंसू बहाने को विवश थे। अब जाकर 5 करोड़ की बड़ी सौगात मिली है। मंच को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। मैदान में स्थित भव्य स्टेज के साथ दोनों तरफ ड्रेसिंग रूम ग्रीन रुम टॉयलेट बनाए जाएंगे। रामलीला मैदान का ऐतिहासिक स्वरूप बरकरार रहते हुए उसे एक नया, आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप मिलेगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए खेलए कला और संस्कृति का संगम बनेगा।





मां चंद्रहासिनी की नगरी में नवरात्रि का आगाज, जले आस्था के दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

पवित्र महानदी के तट पर बसे मां चंद्रहासिनी की पावन नगरी चंद्रपुर में रविवार, 11 अक्टूबर को क्वांर नवरात्रि का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। मां चंद्रहासिनी के जयकारों, वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह से ही मंदिर परिसर और नगर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की चहल पहल देखने को मिली। माता के दर्शन, पूजा अर्चना और मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

वहीं, भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय शक्ति आराधना पर्व का विधिवत शुभारंभ हुआ। धार्मिक नगरी चंद्रपुर में नवरात्रि का पर्व केवल पूजा अर्चना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नगर की धार्मिक परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और जनआस्था का प्रतीक भी है। मां चंद्रहासिनी और मां नाथलदाई के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के चलते प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के दौरान यहां विशेष उत्साह देखने को मिलता है। इस वर्ष भी दोनों मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा, ज्योति कलश प्रज्वलन और दर्शन पूजन की विशेष व्यवस्थाओं के बीच नवरात्रि का पर्व शुरू हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन सुबह लगभग 10 बजे मां चंद्रहासिनी मंदिर के पीछे स्थित पवित्र महानदी के दरहाघाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महानदी से पवित्र जल लेकर निकली महिलाओं के सिर पर सजे कलश धार्मिक आस्था और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत कर रहे थे। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान मां चंद्रहासिनी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

11 हजार ज्योति कलश प्रज्वलित

मां चंद्रहासिनी मंदिर में इस साल 11 हजार तेल ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। ज्योति कलशों की जगमगाती रोशनी से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। माता के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं ने ज्योति प्रज्वलित कर परिवार की सुख,शांतिए समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं मां नाथलदाई मंदिर में इस वर्ष 1500 तेल ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। ज्योति कलशों की रोशनी से माता का दरबार जगमगा उठा है।

नौ दिनों तक गूंजेंगे मां के जयकारे

नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही आगामी नौ दिनों तक चंद्रपुर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बने रहने की उम्मीद है। इस दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिरों में दर्शन पूजन और धार्मिक गतिविधियों के चलते श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहेगी। मां चंद्रहासिनी और मां नाथलदाई के दरबार में प्रज्वलित 12 हजार 500 तेल ज्योति कलश, भव्य कलश यात्रा और आकर्षक साज सज्जा नवरात्रि पर्व की विशेष छटा बिखेर रहे हैं।

बंजारी धाम में कलश यात्रा के साथ नवरात्र प्रारम्भ



तमनार। सर्वशक्तिपीठ बंजारी माई धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व 72 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु 10 अक्टूबर दोपहर 4 बजे से विशाल कलश यात्रा के साथ 11 अक्टूबर को एसडीएम प्रवीण तिवारी एपूर्व मंत्री सत्यानन्द राठिया अन्य मंदिर समिति सदस्यों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलन प्रारम्भ किया गया। इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व कार्यक्रम 10 अक्टूबर विशाल कलश यात्रा, 11 अक्टूबर नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 19 अक्टूबर संधि पूजन, दुर्गा अष्टमी, रात्रि हवन पूजन, 20 अक्टूबर महानवमी विशाल हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। हर दिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर व आरती के बाद रात्रि भोजन भंडारा खिलाया जा रहा है। सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम केलो नदी के किनारे गांव तराईमाल से हजारो माता बहनों द्वारा पित्तवस्त्र आभूषणों से सुसज्जित होकर कलश यात्रा में शामिल हुए। यज्ञाचार्य पं किशोर पाणिग्राही साथियो के साथ मुख्य यजमान अन्य वारणीक द्वारा विधि विधान के साथ जलदेव का पूजा अर्चना कर कलश यात्रा निकाली गई। करमा पार्टी के सुमधुरधुनों के साथ कलश यात्रा गांव में भ्रमण करते मां बंजारी धाम में कलश स्थापना की गई। सांध्यकालीन आरती पश्चात समस्त आगंतुक श्रद्धालुभक्तजनों को भंडारा प्रसाद खिलाया गया। मनोकामना दीप गृह में श्रद्धा आस्था मनोकामना के हजारो दीप प्रज्वलित किया गया। माँ बंजारी समिति द्वारा सभी भक्तजनो के लिए पूजा अर्चना प्रसाद, पानी पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की गई है।माँ बंजारी धाम परिसर में भारत मानचित्रयुक्त जलाशय में हजारो रंगीन मछलिया, माँ बंजारी सरोवर, विशाल 3 दीप गृह, अखण्ड यज्ञ शाला, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, रामदरबार एवं सर्व देवी देवताओं के दर्शन, मीना बाजार, बाल उद्यान, केलो नदी से लगा हुआ।

मौहापाली में विधायक का जनसंपर्क विकास कार्यों का किया लोकार्पण

खरसिया। पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मौहापाली के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क एवं भेंट मुलाकात कर ग्रामीणों से संवाद किया। शाम करीब 4 बजे गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल ताशों के साथ विधायक उमेश पटेल का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



जनसंपर्क के दौरान विधायक पटेल ने ग्रामीणों की समस्याएं एवं स्थानीय मांगें सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। अपने संबोधन में विधायक उमेश पटेल ने छत्तीसगढ़ में बिजली दरों एवं बढ़ते बिजली बिल को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन करने वाला राज्य है, इसके बावजूद आम ग्रामीणों और गरीब परिवारों पर महंगे बिजली बिल का बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के लिए बिजली का बढ़ता खर्च उनके घरेलू बजट को प्रभावित कर रहा है। पटेल ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में भी बिजली बिल से जुड़े मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को भारी.भरकम बिजली बिल का सामना नहीं करना चाहिए। कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब एवं आम उपभोक्ताओं को राहत देने और बिजली दरों को कम करने को प्राथमिकता देने की बात उन्होंने कही। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विधायक उमेश पटेल ने ग्राम पंचायत मौहापाली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें ग्रामीणों को समर्पित किया। इनमें विभिन्न स्थानों पर निर्मित सीसी रोडए पंचायत भवनए प्राथमिक शाला भवन, चबूतरा एवं सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्य शामिल रहे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए ग्रामीणों की मांगों और आवश्यकताओं के अनुरूप लगातार कार्य किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर कई युवाओं ने कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया। विधायक उमेश पटेल ने नवप्रवेशी युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

पीएम श्री कन्या शाला में किशोरियों के लिए स्वच्छता जागरूकता शिविर

घरघोड़ा। किशोरियों में व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को पीएम कन्या शाला घरघोड़ा में भारतीय चिकित्सा संघ एवं रायगढ़ के तत्वावधान में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैकरा के मार्गदर्शन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास शर्मा एवं डॉ. भारती पटेल ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान साफ सफाई तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक रोहित कुमार डनसेना, विद्यालय के प्राचार्य हरिश्चंद्र बेहरा, श्रीमती शिवकुमारी पांडे, श्रीमती अन्ना लकड़ा, श्रीमती प्रतिभा बोहिदार, प्रमोद कुमार साहू, विजय कुमार पांडा, सानोद गुप्ता, संदीप चौहान सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के साथ रामचंडी मंदिर में मां शैलपुत्री की पूजा में उमड़े श्रद्धालु





सरिया। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के साथ कलश स्थापना की गई। मां दुर्गा की उपासना का सबसे पवित्र पर्व शारदीय नवरात्रि आज रविवार 11 अक्टूबर से नगर के रामचंडी मंदिर में प्रारंभ हुआ। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के 9 अलग अलग स्वरूपों की पूजा की जाएगी।

इस दौरान मंदिर में कलश स्थापना अखंड ज्योत जैसे धार्मिक अनुष्ठान आज से प्रारंभ हुआ। नवरात्रि के पहले दिन बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ भव्य कलश यात्रा रामचंडी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रसिद्ध सोलबंध तालाब से कलश लाकर स्थापना की गई। मान्यता है कि नवरात्रि में कलश स्थापना करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों को मन वांछित फल प्रदान करती हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा का वास पृथ्वी लोक में होता है। इस दौरान मां दुर्गा अपने भक्तों पर कृपा बरसती हैं ।नवरात्रि में मां दुर्गा अलग अलग वाहन पर सवार होकर आती हैं। इस शारदीय नवरात्रि पर देवी दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है यह फलदायी है। अंचल के एकमात्र रामचंडी मंदिर में इस वर्ष भी अंचल सहित पड़ोसी प्रांत उड़ीसा से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और कलश यात्रा में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना हुई। माता के दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कलश स्थापना के बाद महा भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस बार युवाओं ने भी तन मन धन के साथ रामचंडी मंदिर सेवा देकर नवरात्र पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया है।

डीईओ ने की कार्रवाई, संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही

अलग-अलग मामलों में एचएम व शिक्षक निलंबित, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ डीईओ एलएन पटेल ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। एक प्रकरण में जांच के दौरान विभागीय निर्देशों का पालन नहीं करने और जांच में सहयोग नहीं देने का मामला सामने आया है, जबकि दूसरे मामले में डीएड की अंकसूची की प्रमाणिकता को लेकर गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं।

निलंबित कर्मचारियों में बिलाईगढ़ ब्लॉक के सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग, शासकीय प्राथमिक शाला केरिझर तथा शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुदरहा के प्रधानपाठक रामानंद साहू शामिल हैं। दोनों



के विरुद्ध अलग अलग शिकायतों और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई की गई है। सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग के विरुद्ध नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों की प्रमाणिकता को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। इसकी जांच की गई। शिकायतकर्ता द्वारा 6 फरवरी को दस्तावेजों का परीक्षण करने और नियुक्ति की पात्रता से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान विभागीय कार्यालय ने बीते 6 अप्रैल को संबंधित शिक्षक को नियुक्ति से जुड़े मूल शैक्षणिक, व्यावसायिक तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ 8 अप्रैल को उपस्थित होने कहा गया था। इसके बाद 15 मई को जारी पत्र के माध्यम से निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने का उल्लेख करते हुए लिखित स्पष्टीकरण और वांछित जानकारी के साथ 21 मई को दोबारा उपस्थित होने का अवसर दिया गया। इसके बावजूद संबंधित शिक्षक के जांच में उपस्थित नहीं होने का उल्लेख विभागीय पत्राचार में किया गया। बाद में 2 सितंबर को जारी कार्यालयीन पत्र के माध्यम से संबंधित अभिलेखों और मूल सेवा पुस्तिका को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विभागीय जांच की प्रक्रिया में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने तथा जांच में विलंब होने को गंभीरता से लिया गया। कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसारए जांच में असहयोग और उच्च कार्यालय के निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप को प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरणद्ध नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल माना गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के नियम 9 1(क) के अंतर्गत सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। दूसरा मामला बिलाईगढ़ ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल तेंदुदरहा में पदस्थ प्रधानपाठक रामानंद साहू से संबंधित है। उनके विरुद्ध डीएड की अंकसूची के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने में कथित अनियमितता की शिकायत की गई थी। शिकायत के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों में डीएड द्वितीय वर्ष, जून 2006 की अंकसूची का उल्लेख है, जिसका अनुक्रमांक 46142559 बताया गया है। शिकायत में प्रस्तुत अंकसूची और संबंधित मंडल की वेबसाइट से प्राप्त परीक्षा परिणाम के मिलान के दौरान अनुक्रमांक को लेकर विसंगति सामने आने की बात कही गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसारए उक्त अनुक्रमांक का परिणाम वेबसाइट पर किसी अन्य परीक्षार्थी के नाम से प्रदर्शित होने का उल्लेख है। वहींए प्रस्तुत अंकसूची में व्यावसायिक योग्यता के लिए 11 अंक दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है।

> जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। विभाग शिकायतों को लेकर गंभीर है। शिकायतों की जांच कर तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> एलएन पटेल
> डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़

